1123/04-03-2021

# दिनांक– 24.02.2021 को अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना की अध्यक्षता में हुई विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही।

उपस्थिति यथा संधारित।

अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा दिनांक–24.02.2021 को विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त के कार्यो की समीक्षा की गई एवं निम्नांकित बिन्दुओं पर निदेश दिए गए एवं विर्मशोपरान्त आवश्यक निर्णय लिए गए :–

1. **बंदोबस्त पदाधिकारियों का एम0आई0एस0 एवं जिला बंदोबस्त और शिविर कार्यालय की समीक्षा :–** गत बैठक में दिए गए निदेश के अनुपालन में जिला एवं शिविर स्तरीय समीक्षा के लिए CVMS (Camp Visit Monitoring System) एवं DCIMS (District and Camp Inventory Management System) प्रारूप उपस्थापित किया गया।

   उपस्थापित प्रारूप की समीक्षा उपरान्त निर्णय लिया गया कि DCIMS में प्राप्त ऑकड़ों में परिवर्त्तनशील ऑकड़े और अपरिवर्तित ऑकड़ों को अलग–अलग संधारित किया जाए एवं अपरिवर्तित ऑकड़ों को प्रतिवेदन के प्रारंभ में ही संकलित कर लिया जाए एवं परिवर्त्तित होने वाले ऑकड़ों की समीक्षा मासिक स्तर पर की जाए। CVMS सम्बन्धी प्रविष्टियों में गुणात्मक सुधार करने का निर्णय लिया गया। CVMS में निम्न तथ्यों को संधारित करने का निर्णय लिया गयाः–

   (i) CVMS में निरीक्षण सम्बन्धी फोटो संधारित किया जाए।
   (ii) यह प्रावधान किया जाए कि एक दिन में एक ही पदाधिकारी का निरीक्षण संधारित हो।
   (iii) CVMS में प्रतिवेदन प्राप्त कर जिला बन्दोबस्त कार्यालयों से इनके सम्बन्ध में सुधार करने के सम्बन्ध में प्रस्ताव प्राप्त किए जाएँ और प्रस्तावों पर निर्णय कर पुनः सुधार किए जाए।
   (iv) CVMS प्रतिवेदन में निरीक्षी कार्यालय में पदस्थापित/प्रतिनियुक्त सभी कर्मियों की संख्या प्रविष्ट की जाए।

   **अनुपालनः–** प्रभारी आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।

2. **विशेष सर्वेक्षण कार्य में जी0आई0एस0 लेयर का संधारण :–** प्रतिवेदित किया गया कि विगत बैठक में दिए गए निदेश के अनुपालन में जी0आई0एस0 सलाहकार द्वारा विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया में जी0आई0एस0 लेयर का संधारण सही ढंग से करने के लिए मार्गदर्शिका, चेकलिस्ट, ट्रेनिंग माड्यूल, आवश्यक सूचीयों की उपलब्धता जिला एवं राज्य स्तरीय अनुश्रवण के लिए तैयार प्रारूप उपस्थापित किया गया एवं यह भी बताया गया कि राज्य स्तरीय अनुश्रवण के लिए चयनित कर्मियों को सैद्धांतिक प्रशिक्षण किया जा चुका है।

   विमर्शोपरांत निर्णय लिया गया कि निदेशालय द्वारा जी0आई0एस0 प्रोफेशनल की सेवाएँ प्राप्त करने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जाए एवं GIS Layer के संबंध में तैयार की गई सामग्री को यथाशीघ्र जिला बन्दोबस्त कार्यालयों को उपलब्ध करा दिया जाए।

   **अनुपालनः–** श्री चंदन कुमार, जी0आई0एस0 सलाहकार, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।

3. **विशेष सर्वेक्षण कर्मियों का प्रशिक्षण** :– विगत बैठकों में दिए गए निदेश के अनुपालन में निदेशालय स्तर पर जिलों में पदस्थापित विशेष सर्वेक्षण कर्मियों का माह फरवरी – मार्च का प्रशिक्षण कैलेन्डर तैयार कर लिया गया है एवं प्रस्तावित 550 संविदा अमीनों के प्रशिक्षण के कार्यक्रम भी तैयार कर लिया गया है। संविदा अमीनों के प्रशिक्षण के सम्बन्ध में निर्णय लिया गया कि सभी संविदा अमीनों को नियुक्ति के पश्चात् दिनांक– 09.03.2021 को एक दिवसीय इन्डक्शन प्रशिक्षण के लिए ज्ञान भवन के बापू सभागार में बुलाया जाए एवं दिनांक– 10.03.2021 से एक माह का प्रशिक्षण देना प्रारंभ कर दिया जाए। इस प्रशिक्षण के लिए कक्षावार पाठ्यक्रम एवं अन्य सभी तैयारियाँ को पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

प्रतिवेदित किया गया कि निदेशालय स्तर पर चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्रशिक्षणार्थियों को कक्षावार पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है एवं प्रशिक्षण के क्रम में प्रशिक्षणार्थियों की जॉच परीक्षा भी ली जा रही है। साथ ही प्रशिक्षकों की कमी को पुरा करने के लिए पूर्व से बनाए गए प्रशिक्षकों के पैनल को विस्तारित किए जाने की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है।

**अनुपालनः–** विशेष सर्वेक्षण शाखा, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।

4. **<u>विशेष सर्वेक्षण संबंधी जन–जागरूकता</u>** – विमर्शोपरान्त निर्णय लिया गया कि विशेष सर्वेक्षण के संबंध में जन–जागरूकता के लिए दिए जाने वाले विज्ञापनों एवं विज्ञप्तियों की निरंतरता बनाई रखी जाए। साथ ही विशेष सर्वेक्षण से संबंधित किए जा रहे कार्यो की जानकारी भी समाचार पत्रों के माध्यम से प्रसारित की जाए।

**अनुपालनः–** श्री राजेश कुमार सिंह, सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी–सह–मिडिया प्रभारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।

5. **<u>भू–नक्शा सॉफ्टवेयर एवं Textual and spatial Data Integration</u>** – निदेश दिया गया कि पूर्व में दिए गए निदेश के अनुपालन में दिनांक–01.03.2021 को निदेशालय में राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों की बैठक बुलाई जाए। इस बैठक में जिला स्तरीय राजस्व से संबंधित विभिन्न संवर्गो के पदाधिकारियों को भी बैठक में आमंत्रित किया जाए और ससमय बैठक की तैयारियाँ पूर्ण कर ली जाए।

**अनुपालनः–**संयुक्त निदेशक, चकबंदी निदेशालय, बिहार, पटना।

6. **भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में जी0आई0एस0 लेयर से संबंधित संकेत चिन्हों के प्रदर्शन का प्रावधान** – जी0आई0एस0 सलाहकार द्वारा बैठक में प्रतिवेदित किया गया कि भू–नक्शा सॉफ्टवेयर में जी0आई0एस0 लेयर (Points and Coordinate) को प्रदर्शित किये जाने के संबंध में प्रावधान किया जाना आवश्यक है। बैठक में उपस्थित एन0आई0सी0 के तकनीकी निदेशक द्वारा बताया गया कि इस संबंध में नई दिल्ली एन0आई0सी0 से सहयोग लेने की आवश्यकता होगी।

विमर्शोपरांत निर्णय लिया गया कि एन0आई0सी0, पटना द्वारा यथाशीघ्र इस कार्य को पूर्ण करेंगे एवं जी0आई0एस0 सलाहकार सभी प्रकार के आवश्यक सहयोग उपलब्ध करायेंगे।

**अनुपालनः**—श्री संजय कुमार तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0 एवं श्री चंदन कुमार, जी0आई0एस0 सलाहकार, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।

7. **ETS का क्रय** :– बैठक में प्रतिवेदित किया गया कि दिनांक– 16.02.2021 को निविदा खोलने की कार्रवाई की जानी थी, किन्तु कुछ भाग एक ही टेंडर आने के कारण उसे रद्द का पुनः टेंडर किया गया है, जिसे 01.03.2021 को खुलना है।

विमर्शोपरांत निर्णय लिया गया कि ETS क्रय के संबंध में सभी औपचारिकताएँ यथाशीघ्र पूर्ण कर ली जाए।

**अनुपालनः**—सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।

8. **मानचित्रों की बिक्री** – बैठक में प्रतिवेदित किया गया कि उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना से अधियाचना प्राप्त है एवं प्लॉटरों के नियमित संचालन के लिए आवंटन उपलब्ध कराया जा रहा है। मानचित्रों की बिक्री से संबंधित प्रतिवेदन की समीक्षा की गई।

समीक्षोपरांत निदेश दिया गया कि मानचित्रों की बिक्री की नियमित समीक्षा की जाए।

**अनुपालनः**—उप निदेशक, गुलजारबाग एवं सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।

9. **सरकारी भूमि की सूची** :– प्रतिवेदित किया गया कि विभिन्न जिलों में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा समर्पित किए गए सरकारी भूमि के विवरणी की समीक्षा निदेशालय स्तर पर की जा रही है। इस संबंध में अबतक हुई विभागवार प्रगति प्रतिवेदन से मुख्य सचिव, बिहार को अवगत कराने के लिए संचिका उपस्थापित कर दी गई है।

10. **मानचित्रों के Door Step Delivery** :– मानचित्रों की Door Step Delivery के बारे में प्रतिवेदित किया गया कि इस निमित्त बनाए गए सॉफ्टवेयर का आरंभिक ट्रायल कर लिया गया है। SDC में स्पेस मिल गया है। Safe to Host के लिए Security Audit हेतु कार्रवाई की गई है। संचिका अनुमोदन हेतु उपस्थापित है।

**अनुपालनः**—उप निदेशक, गुलजारबाग, पटना।

11. **DILRMP के तहत भारत सरकार को समर्पित किए जानेवाले प्रस्ताव** :– प्रतिवेदित किया गया कि DILRMP के तहत भारत सरकार को समर्पित किए गए जाने वाले प्रस्तावों और उनकी अद्यतन स्थिति का समेकित प्रतिवेदन Chart में तैयार कर लिया गया है।

12. **RSTI, गया के सम्बन्ध में** :– राजस्व सर्वे प्रशिक्षण संस्थान, गया के सम्बन्ध में प्रतिवेदित किया गया कि निर्माण कार्य पूरा करने के लिए भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को जो राशि उपलब्ध कराई गई थी, उसमें शेष बची राशि को व्यय करने के सम्बन्ध में भवन निर्माण विभाग द्वारा वित्त विभाग, बिहार, पटना को सिलिंग हटाने का अनुरोध किया गया था। अद्यतन स्थिति के अनुसार भवन निर्माण निर्माण विभाग को आवंटन प्राप्त हो गया है और भवन निर्माण विभाग द्वारा यथाशीघ्र कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

विमर्शोपरांत निर्णय लिया गया कि राजस्व प्रशिक्षण संस्थान, गया में वर्त्तमान समय में जो भवन उपलब्ध है उसमें प्रशिक्षण कार्य प्रारंभ करने के लिए आवश्यक उपस्करों के क्रय का प्रस्ताव तैयार किया जाए।

निदेश दिया गया कि इस सम्बन्ध में भवन निर्माण विभाग और वित्त विभाग में समन्वय स्थापित कर RSTI, गया का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाए।

**अनुपालनः**—सहायक निदेशक, भू—अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।

13. **भू—अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय स्थित सभा कक्ष एवं प्रशिक्षण कक्ष का उन्नयन** — प्रतिवेदित किया गया कि विगत बैठक में दिये गये निदेश के अनुपालन में राजस्व प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर में अवस्थित सभा कक्ष एवं प्रशिक्षण कक्ष को उच्च स्तरीय सुविधाओं से युक्त करने संबंधी प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है।

**अनुपालनः**—सहायक निदेशक, भू—अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।

14. **बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त अंतर्गत किए जा रहे कार्यो का दस्तावेजीकरण (Documentation) करने के सम्बन्ध में** :— बैठक में विमर्शोपरांत निर्णय लिया गया कि राज्य में अब तक विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त से संबंधित जो भी कार्य पूर्व में किए गए हैं, उनके संबंध में विगत बैठक में दिये गये निदेश के आलोक में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाए एवं जो कार्य किए जा रहे हैं उनके संबंध में आम जनता एवं सरकार को अवगत कराने के लिए IEC के तहत सभी प्रकार के कार्यो का द्रस्तावेजीकरण किया जाए। इसके लिए एक विशेषज्ञ की सेवाएँ प्राप्त कर उन्हें, संबंधित सामग्री उपलब्ध करायी जाए।

**अनुपालनः**—विशेष सर्वेक्षण शाखा, भू—अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना।

15. **हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के कार्यो की समीक्षा** :— हवाई सर्वेक्षण एजेंसी के कार्यकलापों की लगातार सघन समीक्षा कर, यथोचित अनुशासनिक एवं वैधानिक कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया।

**अनुपालनः**—एल0आई0एस0 सलाहकार एवं सहायक एल0आई0एस0 सलाहकार।

**सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।**

ह0/—
(विवेक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही) – 84/2019......1123......... पटना, दिनांक :–04-03-2021

**प्रतिलिपिः–** संयुक्त निदेशक, चकबंदी निदेशालय, बिहार, पटना/सहायक निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप/उप निदेशक, बिहार सर्वेक्षण कार्यालय, गुलजारबाग, पटना/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/सभी निदेशालय स्तरीय जिलों के नोडल पदाधिकारी/श्री राजेश कुमार सिंह, सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, निदेशालय/श्री चंदन कुमार, जी0आई0एस0 सलाहकार/श्री विजय सम्राज्य, सहायक, बी0पी0एम0यू0, भू–अभिलेख एवं परिमाप, निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक 3/3/21
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही) – 84/2019......1123......... पटना, दिनांक :–04-03-2021

**प्रतिलिपिः–** सभी प्रशाखा पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही) – 84/2019......1123......... पटना, दिनांक :–04-03-2021

**प्रतिलिपिः–** श्री संजय कुमार, तकनीकी निदेशक, एन0आई0सी0, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही) – 84/2019......1123......... पटना, दिनांक :–04-03-2021

**प्रतिलिपिः–** सभी हवाई सर्वेक्षण एजेंसी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही) – 84/2019......1123......... पटना, दिनांक :–04-03-2021

**प्रतिलिपिः–** सुश्री सुरभि सिंह, एम0आई0एस0 डाटा एनालिस्ट, आई0टी0सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः – 17–विशेष सर्वेक्षण (कार्यवाही) – 84/2019......1123......... पटना, दिनांक :–04-03-2021

**प्रतिलिपिः–** अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप 3/3/21